मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126    PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY    संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11    अंक -32    मुंबई, सोमवार, दिनांक २९ अप्रैल से ०५ मई २०२४    पृष्ठ : 04    कीमत : 3 /- रुपये

## नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो अधिकारी ज्ञानेश्वर सिंह की एक और करतूत, 'जम्बाड़ा कार्टेल' के आरोपियों से उगाहे 20 करोड़ रुपये, शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को भी दी थी क्लीन चिट!

नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो की दिल्ली इकाई ने अगस्त 2023 में बड़े पैमाने पर डार्क इंटरनेट के माध्यम से चलाये जा रहे ड्रग्स की खरीद-फरोख्त के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया था। इस ड्रग्स स्मगलिंग सिंडिकेट का 'जम्बाड़ा कार्टेल' नाम दिया



गया था। अब नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो को मालूम पड़ा है कि ज्ञानेश्वर सिंह और उनकी टीम ने 'जम्बाड़ा कार्टेल' के ग्राहकों से 20 करोड़ रुपयों की उगाही की थी। बता दें कि नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरोने जम्बाड़ा कार्टेल ड्रग्स स्मगलिंग सिंडिकेट एक्सपोजर में कुल 6 मामले दर्ज कर 22 भारतीयों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से लगभग 29,013 लिसेर्जिक एसिड डायथाइलैमाइड (एलएसडी) ब्लॉट्स, 472 ग्राम एमडीएमए और 51.38 लाख रुपये नकद जब्त किया था। आरोपी सोशल मीडिया और कुरियर के जरिये खरीद-फरोख्त करते थे। क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से लेनदेन करते थे। तब नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप महानिदेशक रहे ज्ञानेश्वर सिंह ने खूब वाहवाही लूटी थी। पिछले सप्ताह ज्ञानेश्वर सिंह के भ्रष्टाचार से सम्बंधित कई न्यूज प्रकाशित की है। इसी कड़ी में नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के सूत्रों ने बताया कि ज्ञानेश्वर सिंह और उनके मातहत अधिकारियों ने जम्बाड़ा कार्टेल में 20 करोड़ रुपये की कमाई की है। ज्ञानेश्वर सिंह ने गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन का सीडीआर निकाला। उस सीडीआर में आरोपियों ने जिन-जिन व्यक्तियों से बात की थी, सबसे संपर्क किया। सभी को आरोपी बना देने की धमकी देकर रुपये वसूले। ड्रग्स जैसे गंभीर मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए ग्राहकों ने मुंहमागी रकम दी। मिली महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार इस कड़ी में ज्ञानेश्वर सिंह ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों के बेटों से भी वसूली कर ली। आईएएस के बेटे भी ड्रग्स की खरीदी करते थे। इस पूरे प्रकरण में उन्होंने तकरीबन 20 करोड़ रुपये उगाहे। दूसरी महत्वपूर्ण इन्फॉर्मेशन ये भी मिली कि ज्ञानेश्वर सिंह के मातहत काम कर रहे नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के एस पी सौरभ कपिल को इस कमाई में इतना हिस्सा मिला कि उन्होंने सेब का एक बागान ही खरीद लिया। अब सौरभ कपिल जल्द ही वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) ले लेंगे। ये वही ज्ञानेश्वर सिंह हैं जिन्होंने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी थी, जबकि उनके ही मातहत अधिकारी समीर वानखेड़े ने आर्यन खान को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। यह भी सबको पता है कि समीर वानखेड़े स्वच्छ छवि वाले अधिकारी हैं। जम्बाड़ा कार्टेल प्रकरण में 20 करोड़ रुपये की कमाई करने और सौरभ कपिल के सेब का बागान खरीदने की भी जानकारी प्रधान मंत्री कार्यालय, गृह मंत्री कार्यालय, गृह सचिव कार्यालय, केंद्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआई, एनसीबी और मुख्य सचिव-हिमाचल प्रदेश सरकार जैसे सभी महत्वपूर्ण विभागों को लिखित में दे दी है।

# मशहूर वकील उज्ज्वल निकम बीजेपी के टिकट पर मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से लड़ेंगे चुनाव

## पूनम महाजन का टिकट कटा...

**मुंबई:** बीजेपी ने महाराष्ट्र के मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ केस लड़ने वाले मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को पार्टी का लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। बीजेपी ने इस सीट से वर्तमान सांसद पूनम महाजन का टिकट काट कर उज्ज्वल निकम को





### बीजेपी की 15वीं सूची जारी...

**बीजेपी ने शनिवार को लोकसभा उम्मीदवार की अपनी 15वीं सूची जारी की है। इसमें पार्टी ने एकमात्र उज्ज्वल निकम की ही उम्मीदवारी का ऐलान किया है। राजनीतिक सूत्रों की माने तो कई सालों तक विशेष सरकारी वकील के तौर पर काम करने वाले उज्जव निकम के नाम पर पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही थी। इसके बाद शनिवार को आखिरकार उनके नाम का ऐलान हो गया।**

उम्मीदवार घोषित किया है। पूनम महाजन पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय प्रमोद महाजन की बेटी हैं। इस सीट से महाविकास अघाड़ी की ओर से वर्षा गायकवाड को उम्मीदवार बनाया गया है। ऐसे में उत्तर मध्य मुंबई में वर्षा गायकवाड़ बनाम उज्ज्वल निकम देखने को मिलेगा।

**कौन हैं उज्ज्वल निकम?**

कानूनी विद्वान के रूप में पहचाने जाने वाले उज्जवल निकम ने देश के कई महत्वपूर्ण मामलों में काम किया है। उज्जवल निकम विशेष लोक अभियोजक के तौर पर मुंबई में 1993 में हुए बम धमाके और 2008 में हुए 26/11 के आतंकी हमले के दोषियों सहित कई अन्य हाई प्रोफाइल मामले में अपराधियों और आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमा लड़ कर सजा दिलवा चुके हैं। इसके अलावा खैरलांजी, सोनाई में दलित उत्पीड़न केस में इन्होंने अहम भूमिका निभाई।

### क्यों कटा पूनम महाजन का टिकट...

**पूनम महाजन 2014 और 2019 में मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से चुनी गईं। वह बीजेपी की युवा शाखा की पूर्व अध्यक्ष भी हैं। पार्टी नेताओं ने कहा है कि उन्हें हटाने का निर्णय संगठनात्मक प्रतिक्रिया पर आधारित था। हालांकि कुछ समय से संकेत मिल रहे थे कि पूनम महाजन को हटा दिया जाएगा, लेकिन उनकी जगह योग्य उम्मीदवार के लिए पार्टी की तलाश में समय लगा।**

## सैलून एसोसिएशन ट्रस्ट प्रतापगढ़ जिला इकाई ने आयोजित कराया सामूहिक विवाह कार्यक्रम

आज दिनाक 29 अप्रैल 2024 सोमवार को प्रतापगढ़ में सैलून एसोसिएशन ट्रस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नंदवंशीय कल्याण सेवा ट्रस्ट ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें हिंदू रीति रिवाज से तीन विवाह संपन्न कराए गए। प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष श्री महेंद्र शर्मा ''नन्हे'', अश्वनी सोनी जी, मां हर हर गंगे सेवा ट्रस्ट, शिव शर्मा जी जे.एल. फाउंडेशन, कुलदीप सिंह जी, पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, रमेश शर्मा, दिनेश शर्मा, शादाब ,संतोष शर्मा, राकेश शर्मा, दीपक शर्मा, अयोध्या प्रसाद शर्मा, पंकज शर्मा, संजय प्रधान, अनीस अहमद सलमानी, ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सविता, संरक्षक आनंद शर्मा व शिवपाल शर्मा,




प्रदेश महामंत्री तेज बहादुर नंदवंशी व अश्विनी ठाकुर, बरेली जिलाध्यक्ष विक्की श्रीवास्तव, अजय शर्मा जी मुख्तार सलमानी ,हरिशंकर ठाकुर, मंतेश शर्मा, सलमान ,मुफीज सभासद, डा समीम खान, राजेश शर्मा, डीके शर्मा, सागर शर्मा, कमलेश शर्मा, डा सुरेश सैन, अब्दुल हलीम सलमानी, अनीश सलमानी, आसिफ अली सलमानी सहित सैकड़ों लोगों शामिल हुए। तीनो नवविवाहित दंपति को ढेरों शुभ आशीर्वाद एवम् बधाई के साथ साथ घरेलू सामान देकर विदाई दी गई। प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार शर्मा ''नन्हे'' ने उपस्थित लोगो का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## भदोही बी जे पी प्रत्यासी डॉ विनोद बिंद की पत्नी रीना बिंद मैदान में सारी महिलाएं सम्मान में





**भदोही,** उत्तर प्रदेश,बिंद समाज विकास संघ की राष्ट्रीय महिला संरक्षक सदस्य डॉक्टर विनोद कुमार बिंद की धर्मपत्नी रीना बिंद को भदोही लोकसभा के प्रचार प्रसार एवं जनसंपर्क में महिलाओं का भारी समर्थन मिल रहा है।

रीना बिंद जिधर भी किसी भी ग्राम सभा में जा रही हैं जैसे ही गांव की महिलाएं सुन रही हैं की डॉ बिनोद कुमार बिंद की धर्म पत्नी हमारे ग्राम सभा में पहुंची हैं जो जैसे है, उसी तरह चल पड़ रहा है उनसे मिलने, मुलाकात करने, साथ देने, सहयोग करने, महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ता है,रीना बिंद एक ऐसी महान समाज सेविका है जो किसी भी ग्राम सभा में किसी को कोई तकलीफ होती है, कोई परेशानी होती है, वह सुनते ही लोगों के घर पर पहुंच कर उन्हें हिम्मत,साहस,एवं जीवन से संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं, और उनसे जो कुछ भी किसी भी प्रकार की मदद होती है उसे पूरा करने में अहम भूमिका निभाती है,

बिंद समाज विकास संघ की राष्ट्रीय महिला संरक्षक सदस्य रीना बिंद ने बताया की महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र सामाजिक क्षेत्र में तैयार कर आत्म सम्मान एवं देश समाज की सुरक्षा इनके उज्जवल भविष्य के लिए, आत्मनिर्भर बनाने, महिला सशक्तिकरण, को तैयार कर एक मजबूत नारी शक्ति को तैयार करेंगी ताकि हर महिला अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ सके ,और देश समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर, अपने जिले ,देश समाज के भविष्य का निर्माण कर सके।

## अनंत लाल शर्मा कार्याध्यक्ष का किया गया भव्य सत्कार

**कांतिरामपुर,** अनंतलाल शर्मा कार्याध्यक्ष अखिल भारतीय



सविता महासंघ मुम्बई का जौनपुर आगमन पर जयनाथ शर्मा मुंबई जिला अध्यक्ष ने किया भव्य सत्कार और समाज को एक जुट करने के लिए किया गया चर्चा।

## तूफानी पटेल जिला उपाध्यक्ष अपना दल एस का किया गया भव्य सत्कार

**रसूलहा,** दिनाक 29 अप्रैल 2024 को युवा दिलोंके धड़कन क्रांतिकारी नेता गरीबो के मसीहा सभी समाज व वर्ग को साथ लेकर चलने वाले आदरणीय तूफानी पटेल उपाध्यक्ष अपना दल का नाई समाज के राष्ट्रीय नेता अनिल शर्मा, बनारसी शर्मा, राकेश शर्मा, सुनील शर्मा, ने अंगवस्त्र, डायरी, पेन पुष्प हार पहनाकर किए भव्य सत्कार, और तूफानी पटेल ने कहा हम नाई समाज



के लोगो का जो प्यार स्नेह मिल रहा हैं उसका आभारी हूँ और लोक सभा चुनाव के बाद भव्य कार्यक्रम रखा जायेगा अनिल शर्मा ने कहा हम भी तूफानी पटेल के साथ हूँ जब भी नाई समाज का जरूरत पड़ेगा तो हम लोग साथ खड़े रहेंगे।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### यह मजबूती बरकरार रहेगी?

**फिलहाल दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवा निर्यात के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे और सांस्कृतिक तथा मनोरंजक सेवा निर्यात में छठे स्थान पर है। भारत को तकनीकी प्रगति और उसे अपनाने से फायदा हुआ है। भारत के कामकाजियों में अंग्रेजी बोलने वाले लोग अच्छी खासी तादाद में हैं और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी अनेक प्रतिभाएं हैं। इसके अलावा घरेलू डिजिटल बुनियादी ढांचे और नीतिगत ध्यान ने भारत को सूचना प्रौद्योगिकी और उससे संबद्ध सेवाओं के क्षेत्र में अहम वैश्विक हिस्सेदारी हासिल करने में मदद की है। यह बात बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की स्थापना के कारण भी महसूस की जा सकती है। 2015-16 से 2022-23 तक भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी और सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में। परंतु सवाल यह है कि क्या मध्यम से दीर्घ अवधि के दौरान यह मजबूती बरकरार रहेगी? भारतीय रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों के शोध ने दिखाया है कि बाहरी मांग और मूल्य प्रतिस्पर्धा सेवा निर्यात को बहुत अधिक प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में एक फीसदी का इजाफा देश के सेवा निर्यात में 2.5 फीसदी बढ़ोतरी लाता है। इसके अलावा वास्तविक प्रभावी विनिमय दर में एक फीसदी इजाफा वास्तविक सेवा निर्यात में 0.8 फीसदी की गिरावट ला सकता है।ाह भारतीय निर्यातकों के लिए भी चुनौती बन सकता है। इतना ही नहीं भारत के लिए आर्टिफिशल इंटेलीजेंस खतरा भी है और अवसर भी। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह मध्यम अवधि में सेवा व्यापार को कैसे प्रभावित करेगी। भारत को दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी सेवा निर्यात में तुलनात्मक रूप से बढ़त हासिल है लेकिन उसे अपने निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।**

# नसीम खान के समर्थन में उतरा उत्तर भारतीय एवम अल्प संख्यक समाज

**मुंबई-** महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्याध्यक्ष मो.आरिफ नसीम खान द्वारा महाराष्ट्र में एक भी अल्पसंख्यक/उत्तर भारतीय समाज के नेता को कांग्रेस पार्टी द्वारा लोकसभा का टिकट न दिये जाने पर लिये गये निर्णय का उत्तर भारतीय एवम अल्पसंख्यक नेताओं,समाज सेवकों एवम बुद्धिजीवियों ने गहरा रोष व्यक्त किया है।

तथा कांग्रेस हाई कमान से उत्तर मध्य लोकसभा क्षेत्र से नसीम खान को उमेदवार बनाये जाने की मांग किया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह (मा.उपाध्यक्ष मुंबई कांग्रेस),एस.के.सिंह (कार्याध्यक्ष महाराष्ट्र कांग्रेस उत्तरभारतीय सेल),किलाचंद यादव (अध्यक्ष यादव महासभा.मुंबई),अबु सुफियान अंसारी (उपाध्यक्ष उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस),डॉ.सचिन सिंह (अध्यक्ष युवाब्रिगेड एसोसिएशन मुंबई),शरीफ खान (अध्यक्ष समता हाकर्स युनियन मुंबई) ने कहा है कि



मुंबई व आसपास के क्षेत्र में लाखों लोग सपरिवार उत्तर भारत से आकर बसे हुए हैं ।उन सभी की आवाज नसीम खान है ।हर किसी के सुख दुःख में सम्मिलित होते है और समस्याओं का निराकरण करते हैं ।उनसे सभी का व्यक्तिगत लगाव है। शिक्षाविद डॉ.आर.एम.पाल, आर.के.यादव, मैथ्यु चेरियन, बीरेन्द्र पाठक (महासचिव उत्तर भारतीय मित्र मंडल),राजाराम पाल (अध्यक्ष पाल विकास संघ मुंबई), सुरेंद्र मिश्रा (महासचिव महानगरी मित्र मंडल), समाज सेवक सलमा शेख, बृजेश सिंह,फिरोज अहमद खान,बबीता गुप्ता,रीना मोजेस ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,सोनिया गांधी एवम राहुल गांधी से अनुरोध किया है कि उत्तर मध्य मुंबई से मो.आरिफ नसीम खान को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित करें और संपुर्ण मुंबई/महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों/अल्प संख्यकों का स्नेह एवम वोट अर्जित करें।

## मुंबई कांग्रेस विचार विभाग के पदाधिकारी मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ जी को लोस चुनाव की उम्मीदवारी के लिए शुभकामनाएं दीं

**मुंबई :** कांग्रेस विचार विभाग के सब पदाधिकारी मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ जी को उत्तर मध्य लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार बनने पर बधाई देने उनके हाउस पर पहुचे थे। मुंबई कांग्रेस विचार विभाग अध्यक्षा राकेश यादव, उपाध्याया रेखा रोहिरा,



महासाचिव प्रभाकर गामरे, सचिव विद्या मुत्तू साह,सचिव आम्रपाली देवेंद्र, उत्तर मध्य मुंबई के अध्यक्ष बी एस समई, दक्षिण मुंबई अध्यक्ष सुनील यादव, कालीना तालुका अध्यक्ष विजय कुदर्कर, उपाध्याय युसूफ बेग, कल्पना कुमारी, अश्विन देवमार्जी, ब्लॉक 41 अध्यक्ष अरुण चौगुले और पदाधिकारी उपस्थित रहे थे। लोस चुनाव में उम्मीदवार बनने पर वर्षा गायकवाडजी को शुभकामनाएं देने हेतु कांग्रेसी कार्यकताओं का तांता लगा था।

**- रिपोर्ट स्पर्श देसाई**

## 1 मई श्रमिक दिवस पर विशेष

### मैं मजदूर हूं

मैं मजदूर हूं,
सुन लो मेरी भी पुकार।
श्रमदान के बदले ना देना,
मुझको अपमान।
गरीबी की चादर ओढ़
अपने सपनों को, ना पंख लगा
पाऊं कभी।
ऊंची ऊंची इमारत को गढ़ना है,
काम मेरा।
सर्दी हो या गर्मी
पहाड़ से लेकर नदियों तक,
कभी चट्टानों को तोड़,
कभी धरती को खोद,
दो वक्त की रोटी पाने को,
करें साहब के आदेशों को पालन।
सुकून की नींदें, तारों से भरी रातें,
शीतल पवन, मन में ना कोई जलन,
पहने तन में सहनशीलता,
का आभूषण।
अपने मालिक को समझे हम
भगवान।
वक्त की मार और लाचारी की भाल,
जब पड़ती है इस पेट पर तो,
बड़े-बड़े पर्वतों के बीच बन जाते हैं
रास्ते
कई कई मालों की इमारतें,
अपने हाथों से गढ़ते।
हां हम मजदूर हैं,
सुन लो हमारी भी पुकार।
दे दो जग में मुझे एक पहचान।
संघर्ष और श्रम है मेरा मान,
रखना इसे आप सब जतन।
हां मैं मजदूर हूं,
सुन लो मेरी पुकार।



**रचनाकार**
**कृष्णा मानसी (मंजूलता मेरसा)**
**बिलासपुर, (छत्तीसगढ़)**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

## उत्तर भारतीय ओबीसी महासभा की बैठक

**मुंबई। रिपोर्टर** उत्तर भारतीय ओबीसी महासभा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एड. किलाचंद यादव ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के समय पिछड़े वर्ग के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही है।



जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा कभी भी पिछड़े-दलित समाज की हितैषी नहीं रही। अपने को पिछड़ी जाति का बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ी जातियों के संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने में जुटे हुए हैं।

अंधेरी ( पश्चिम ) स्थित द रिक्रेशन क्लब हॉल में उत्तर भारतीय ओबीसी महासभा की बैठक में यादव ने कहा कि मंडल कमीशन विरोधी भाजपा कभी भी पिछड़े-दलित, असलियत समाज की हितैषी नहीं हो सकती। भाजपा संविधान बदलने की बात कर रही है, आरक्षण भी समाप्त करने की आवाज उठा रही है। भाजपा की आरक्षण विरोधी जातिवादी सोच अब सामने आने लगी है। राम मंदिर आंदोलन की लड़ाई में ओबीसी आगे रहा और जब राम मंदिर ट्रस्ट बना तो उसमें ओबीसी को नहीं लिया गया।

यह देश जाति के आधार पर खड़ा है, हिंदू धर्म जातियों का समूह है इस लिए देश में जातीय जनगणना होना चाहिए। उत्तर भारतीय ओबीसी महासभा के अध्यक्ष डॉ. यू पी सिंह ने कहा कि हमारी मांग है कि देश में जातीय जनगणना कराई जाए। ओबीसी जातियों का हक कितना है और अवसरों में भागीदारी कितनी है, इस पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। पिछड़ों, वंचितों को संख्या के आधार पर उनकी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर कदमकदमपर के संपादक छोटेलाल शर्मा, धर्मराज प्रजापति आदि ने भी विचार रखे।

## टैलीविजन के लोकप्रिय कोमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सोढ़ी 4 दिन से हैं लापता, फोन हैं बंद

टैलीविजन के लोकप्रिय कोमेडी शो ''तारक मेहता का उल्टा चश्मा'' पिछले लगभग 15 सालों से टीवी पर चल रहा है। इस शो में विभिन्न वजहों से कई कलाकार बदले गए हैं। हालांकि जो सबसे पहले के कलाकार थे वही लोगों के दिलों पर छाये हुए हैं। उनमें एक कलाकार रौशनसिंह सोढ़ी नामक एक पात्र था, जिसको गुरुचरन सिंह नामक एक कलाकार निभाते थे हालांकि बाद में इस कैरेक्टर को बलविंदर सिंह सूरी ने निभाया था।अब खबर यह आ रही है कि गुरुचरन सिंह पिछले 4 दिनों से लापता हैं। जिसकी जानकारी उनके एक दोस्त ने दी है कि



सोढी लापता हैं। उनके लापता होने की खबर से उनके फैंस और परिवारजन बहुत परेशान हो हैं। मुंबई पुलिस तहकीकात कर रही हैं।

**-रिपोर्ट स्पर्श देसाई**

# पालघर तालुका के सूर्या नदी में दो युवक डूबे...



**बोईसरः** पालघर तालुका के बोरशेती गांव की सीमा में सूर्या नदी में दो युवक डूब गए हैं. यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना शनिवार को दोपहर के आसपास घटी जब अपनी छुट्टियों के दौरान तैराकी का आनंद लेने के लिए नदी पर गए युवाओं को पानी के प्रवाह का अनुमान नहीं था। बोइसर दांडीपाड़ा में रहने वाले कुछ युवक शनिवार दोपहर को तैराकी का आनंद लेने के लिए बोरशेती के पास सूर्या नदी में गए थे। हालाँकि, वे लगभग 330 बजे डूबने लगे क्योंकि तैरते समय वे नदी के पानी का अनुमान नहीं लगा सके। उनमें से एक तो तैरकर किनारे आ गया, लेकिन दो युवक शोमेश साहेबराव शिंदे (18) और करण चेतन नायक (दोनों दांडीपाड़ा, बोईसर निवासी) गहरे पानी में डूब गए। जब साथ आए युवकों ने उसे ढूंढने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली तो उन्होंने स्थानीय लोगों और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली, मनोर और बोइसर पुलिस बोरशेती में घटनास्थल पर पहुंची और फायरमैन, लाइफगार्ड और स्थानीय लोगों की मदद से सूर्या नदी के गहरे तल में तलाशी अभियान शुरू किया। शाम करीब सात बजे दोनों युवकों के शव पानी से बरामद किये गये और घटना की सूचना मनोर थाने में दी गयी है।

# 76 हजार संपत्ति मालिकों पर 717 करोड़ का टैक्स बकाया... नगर निगम की ओर से नोटिस ।

**पिंपरी :** जिन 75 हजार 858 संपत्ति मालिकों ने संपत्ति कर नहीं चुकाया है और दस हजार से अधिक का कर बकाया है, उन पर मनपा का 717 करोड़ 32 लाख रुपये संपत्ति कर बकाया है. कर संग्रहण एवं कराधान विभाग ने इन संपत्ति मालिकों को भुगतान के साथ ही जब्ती पूर्व नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है।

पिंपरी-चिंचवड़ शहर में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, खाली भूमि, मिश्रित सहित 6 लाख 25 हजार संपत्तियां हैं। इन संपत्ति मालिकों से कर संग्रह विभाग की ओर से कर वसूला जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 6 लाख 25 हजार संपत्तियों में से 5 लाख 11 हजार 154 संपत्ति मालिकों ने टैक्स




का भुगतान किया. राजकोष में 977 करोड़ 50 लाख रुपये का कर एकत्र हुआ। हालांकि, 75 हजार 858 संपत्ति मालिकों ने 717 करोड़ 32 लाख रुपये का संपत्ति कर चुकाया है. सर्वाधिक दस हजार 209 डिफॉल्टर चिखली डिवीजन में हैं। बकाएदारों से टैक्स वसूली नहीं कर पाने के कारण कर संग्रहण विभाग एक हजार का लक्ष्य पूरा नहीं कर सका। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए संपत्ति कर भुगतान का वितरण स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से शुरू किया गया है। घर-घर जाकर भुगतान बांटा जा रहा है। सहायक आयुक्त नीलेश देशमुख ने बताया कि 56 लाख भुगतान का वितरण अगले दस दिनों में पूरा करने की योजना है.

### भुगतान के साथ मतदाता जागरूकता

**पिंपरी-चिंचवड़ शहर को तीन लोकसभा क्षेत्रों मावल, शिरूर और बारामती में बांटा गया है। बारामती में 7 मई और मावल और शिरूर में 13 मई को वोटिंग होगी. मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कर संग्रहण विभाग भुगतान के साथ-साथ मतदाता जागरूकता भी चला रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी मतदान जागरूकता पत्रक भी घर-घर वितरित किये जा रहे हैं।**

# बिजली आपूर्ति बंद करने की धमकी देकर 86 साल के एक वरिष्ठ नागरिक से 2.5 लाख रुपये की ठगी ।




**मुंबई :** बिजली बिल का भुगतान न करने पर बिजली आपूर्ति बंद करने की धमकी देकर एक साइबर गिरोह ने वाशी सेक्टर-29 के 86 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक को ब्लैकमेल कर 2.5 लाख रुपये की ठगी की है। वाशी पुलिस ने इस मामले में साइबर चोर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. इस घटना में ठगी का शिकार हुए 86 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक जयकिशन शुक्ला वाशी सेक्टर-29 में रहते हैं। पिछले महीने, जब शुक्ला घर पर थे, साइबर चोरों ने उनके मोबाइल फोन पर एक संदेश भेजा जिसमें बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर दो दिनों में उनका बिजली बिल काट देने की धमकी दी गई।

उक्त संदेश के तहत संपर्क करने के लिए मोबाइल नंबर भी दिया गया है। इसलिए जब शुक्ला ने घबराकर उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, तो सामने वाले साइबर चोर ने खुद को एमएसईबी कार्यालय से बोलने का नाटक किया और अपने बिजली मीटर और पिछले भुगतान किए गए बिल के बारे में जानकारी दी। इसलिए शुक्ला ने उन पर भरोसा किया. इसके बाद सामने वाले साइबर चोर ने यह कहते हुए शुक्ला के डेबिट कार्ड की पूरी जानकारी मांगी कि शुक्ला द्वारा भुगतान किया गया बिजली बिल रिकॉर्ड पर दिखाई नहीं दे रहा है। इसके बाद साइबर चोर ने शुक्ला को बातों में उलझाकर उनके खाते से 2 लाख 57 हजार रुपये निकाल लिये. मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद शुक्ला को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसके बाद उन्होंने वाशी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई. तदनुसार, पुलिस ने इस मामले में अज्ञात साइबर चोरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सांसद श्रीकांत शिंदे ने की भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात...



**कल्याण :** कल्याण से महायुती के प्रत्याशी सांसद डॉ. श्रीकांत चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। वह हर रोज कार्यकर्ता, पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों से मुलाकात कर उनसे सहयोग की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद श्रीकांत शिंदे ने कल्याण पूर्व के वालधुनी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। संदीप सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से सांसद श्रीकांत शिंदे का स्वागत किया। बैठक में सांसद श्रीकांत शिंदे ने कल्याण लोकसभा में किए गए अनेक विकास कार्यों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया और कहा कि महायुती के सभी घटक दलों को साथ मिलकर काम करना होगा। हमें घर-घर जाकर लोगों तक पहुंचना होगा।

# मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर चुनावी मैदान में...?

## उज्जवल निकम और वर्षा गायकवाड़ से हो सकता है मुकाबला

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 2024 दिलचस्प होता जा रहा है. यहां की मुंबई उत्तर मध्य सीट पर मुकाबला देखने वाला होगा. हाल ही में इंडिया गठबंधन और महायुति दोनों ने ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ और बीजेपी की ओर से उज्जवल निकम इस सीट से आमने-सामने हैं. अब खबर यह आ रही है कि मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे भी लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं. सूत्रों की मानें तो मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का मूड बना रहे हैं. उन्होंने चुनावी मैदान में उतरने के लिए मुंबई की उत्तर मध्य लोकसभा सीट



चुनी है. संतोष पांडे ने बताया कि इस लोकसभा चुनाव क्षेत्र में रहने वाले कई नागरिकों ने उनसे चुनाव लड़ने का आग्रह किया है. हालांकि, वो अभी इस पर विचार कर रहे हैं, कोई फाइनल निर्णय नहीं लिया है.

**बीजेपी ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से उज्जवल निकम को दिया टिकट**

जानकारी के लिए बता दें कि बीजेपी ने बीते शनिवार (27 अप्रैल) को ही मुंबई की उत्तर मध्य सीट से उज्जवल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है. बीजेपी ने सिटिंग सांसद पूनम महाजन का टिकट काट कर उज्जवल निकम को चुनावी मैदान में उतारा है. पूनम महाजन इस सीट से दो बार की सांसद हैं. वहीं, उज्जवल निकम 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मामले में विशेष लोक अभियोजक थे. इसके अलावा, वह साल 1993 में हुए बम ब्लास्ट, गुलशन कुमार मर्डर केस समेत कई हाई प्रोफाइल मामलों में सरकारी पक्ष की पैरवी कर चुके हैं.

# महादेव बेटिंग ऐप मामले में मुंबई पुलिस की कार्रवाई, छत्तीसगढ़ से हिरासत में लिए गए अभिनेता साहिल खान...

**मुंबई :** महादेव बेटिंग ऐप मामले में मुंबई पुलिस ने अभिनेता साहिल खान को हिरासत में लिया है। मुंबई पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने उन्हें छत्तीसगढ़ में हिरासत में लिया और अब मुंबई लाया जा रहा है। साहिल खान पर गिरफ्तारी की तलवार पहले ही लटक रही थी। मुंबई पुलिस ने ऋक्रू में 32 लोगों का नाम लिखा था और साहिल खान भी उनमें से एक थे। साहिल खान ने गिरफ्तारी से बचने के लिए मुंबई के सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका (अइअ) दायर की थी।

पुलिस ने साहिल खान की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि जमानत मिलने



पर वह सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। पुलिस ने कोर्ट में कहा था कि इस मामले में शिकायतकर्ता ने उन्हें बताया है कि अंडरवर्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का भाई मुस्तकीम भी इसमें शामिल है। साहिल खान से उस संदर्भ में पूछताछ करनी है। 67 बेटिंग साइट बनाई हैं और उनके जरिए लोगों से अवैध रूप से सट्टा लगवाया जाता है। आरोपियों ने पैसे निकालने और जमा करने के लिए 2000 से ज्यादा सिम कार्ड का इस्तेमाल किया है इन सिम कार्ड को खरीदने के लिए फर्जी डॉक्युमेंट्स का इस्तेमाल किया गया है। सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने साहिल खान को अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी।



# आर.आर.एज्युकेशनल ट्रस्ट बी.एड कॉलेज को नॉक एक्रेडिशन श्रेणी प्रदत्त

**मुंबई-** मुंबई के बेहतरीन बी.एड कॉलेज की श्रृंखला में आर.आर.एज्युकेशनल ट्रस्ट बी.एड कॉलेज को नॉक एक्रेडिशन श्रेणी में नामित किया गया है। इस श्रेणी को प्राप्त करने में मार्ग दर्शक के रूप में अजय भामरे (पीवीसी-मुंबई युनिवर्सिटी),महेश कपूर (डायरेक्टर डीएवी कॉलेज), सौ.सुनीता मगरे(विभागाध्यक्ष मुंबई युनिवर्सिटी),श्रीमती रेनी फ्रांसिस (प्रिंसिपल पिल्लई बी.एड कालेज), अंकुश औंधकर प्रिंसिपल का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.फाल्गुनी शाह,सौ.चित्रा खेडेकर,सौ.अदिती टावरे एवम शिक्षकों की टीम के अथक प्रयास से यह संभव हुआ।

# सुरेश कुमार बिंद राष्ट्रीय संरक्षक एवं अजय कुमार बिंद बने बिंद समाज विकास संघ के समिति सदस्य

**मुंबई :** दिन रविवार को सुरेश कुमार बिंद पुत्र स्वरूप बिंद राष्ट्रीय संरक्षक एवं अजय कुमार पुत्र बृजलाल बिंद ने बिंद समाज विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेषधर बिंद के कर कमलो द्वारा सदस्यता ग्रहण की। सुरेश कुमार बिंद मुंबई के टाटा पावर में,सीनियर सिक्योरिटी हेड असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं, वे अजीं अजींठा सोसायटी कुकरेजा कंपाउंड वाशी नाका चेंबूर मुंबई में रहकर टाटा पावर में सर्विस करते हुए अपने परिवार के साथ जीवन यापन करते हुए, इतने बड़ी भाग दौड़ जिंदगी में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (RK) के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष एवं मानवाधिकार चेंबर अध्यक्ष





के रूप में जन सेवा करते हुए राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी महाराष्ट्र जैसे धरती पर मजबूती से पकड़ बनाए हुए हैं। ये बहुत ही महत्वाकांक्षी एवं कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते हैं।

अजय कुमार पुत्र बृजलाल बिंद ग्राम सभा तुलसीपुर, पोस्ट बैरी बीसा,जिला भदोही उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, ठक्कर बापा सोसायटी चेंबूर मुंबई में रहकर न्यू मुंबई के एक पैथोलॉजी लैब में पार्ट टाइम काम करते हुए,अपनी बी एम एल टी की शिक्षा ग्रहण करते हुए, एक तेज तर्रार युवा कार्यकर्ता के रूप में अपनी बेहतर सामाजिक पकड़ बनाए हुए हैं,

सुरेश कुमार बिंद एवं अजय कुमार बिंद ने बताया कि इरशर संघ ने हम सभी को सदस्य बनाकर, अपने ग्राम सभा, समाज,और देश सेवा करने का अच्छा अवसर दिया है, हम लोग संकल्प लेते हैं कि संघ की नीति और नियमों के अनुसार समाज की हर क्षेत्र में अपना योगदान देते रहेंगे उन्होंने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओ से अपील की है कि संघ का सदस्य बनकर अपने जीवन को सफल बनाने, देश सेवा, समाज सेवा में अपने जीवन को समर्पित करने की महान कृपा करें, और अपना जीवन सफल बनाएं, उन्होंने अध्यक्ष और संघ की पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# मुंबई में 25 अप्रैल के भगवान महावीर के 2623वें जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर "महा महावीरोत्सव" का भव्यति भव्य आयोजन हुआ

मुंबई में 25 अप्रैल के भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर ''महा-महावीरोत्सव'' का भव्यति भव्य आयोजन हुआ। राज्यपाल और केंद्रीयमंत्री के साथ साथ कई धर्मो के धर्मगुरू और फि ल्म जगत के कई कलाकारों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की थी। ''जन आरोग्य फाउंडेशन'' के संस्थापक भारत गौरव श्रद्धेय श्री देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी के पावन दिशा निर्देशन में तीर्थंकर भगवान महावीर के 2623वें जन्मकल्याणक के अवसर पर ''महा-महावीरोत्सव'' का भव्यति भव्य आयोजन हुआ । यह कार्यक्रम गुरूवार 25 अप्रैल 2024 दोपहर 2:00 बजे को देश आर्थिक राजधानी मुंबई में ''यशवंत राव सभागृह'' नरीमान पॉइंट में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के महामहिम राज्यपाल माननीय गुलाब चंद कटारियाजी विशिष्ठ अतिथि रहे।

जैनाचार्य परम पूज्य लोकेश मुनि, गुरुदेव आचार्य श्रीनयपद्मसागर सुरीश्वरजी मा.सा. ,श्रद्धेय श्री ब्रह्मर्षि गुरुवानंद स्वामीजी तिरुपति, परम पूज्य प्रभाविका साध्वी श्री नमीवषार्जी म.सा एवं नेहवषार्जी म.सा. आदि ठाणा 5, पूर्व केबिनेट मंत्री राज के पुरोहित,नगर सेवक आकाशराज पुरोहित,पूर्व विधायक







अतुल शाह, कार्यक्रम अध्यक्ष महेंद्र तुरखिया, समाजसेवी एवं उद्योगपति, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक घेवरचंद बोहरा, उद्योगपति एवं समाजसेवी,खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष के.सी. जैन साहब, राकेश माणेकचंद कोठारी, संस्थापक, शेरी & दीया फाउंडेशन और देश विदेश के अतिविशिष्ट साहित्यकार, सिने कलाकार अंकिता लोखंडे और विक्की जैन एवम उद्योगपति तथा भारत के अलग अलग राज्यों के सभी समाजों के शीर्षस्थ महानुभावों के साथ ही सिने कलाकार की भी महत्वपूर्ण और गरिमामय उपस्थिति रही । सत्य,अहिंसा का उपदेश देने वाले, प्राणी मात्र पर दया, करुणा रखने और सिखाने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भागवान महावीर के सत्य अहिंसा की प्रथम पाठशाला ''जियो और जीने दो'' पर विशेष व्याख्यान हुआ साथ ही इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कर्मठ एवम महत्वपूर्ण हस्तियों का विशिष्ट-सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम से ऐसा लगा कि पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के वातावरण में इस महा आयोजन के एक-एक पल इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जायेंगे । इस पावन कार्यक्रम को जन जन तक पहुँचाने हेतु देश के प्रमुख चैनलों के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया था। बड़ी मात्रा में पत्रकारों ने इस कार्यक्रम को कवरेज किया तथा देश के सम्मानित मीडिया जगत के समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से भी इसका प्रसारण किया गया। आप इस कार्यक्रम में बडी. संख्या में जैनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

जैन महिलाओं ने महा महावीरोत्सव की खास झलकियां व संगीत और भक्तिमय नृत्य की प्रस्तुति हुई। बॉलीवुड और सामाजिक क्षेत्र के सितारों को सम्मान किया गया था। अहिंसा की पहली पाठशाला ''जियो और जीने दो'' पर विशेष व्याख्यान गुरुदेव आचार्य श्रीनयपद्मसागर सुरीश्वरजी मा.सा. के द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम में प्रासंगिक प्रवचन हुए।

आखिर में अपने प्रवचन में महामहिम गुलाबचंद कटारिया ने जैन धर्म के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला था। कार्यक्रम में जैनाचार्य परम पूज्य लोकेश मुनि की ''आहवान'' नामक पत्रिका का लोकार्पण किया था।

**- रिपोर्ट स्पर्श देसाई**

## रामदास आठवले की उपस्थिति में मिहिर कोटेजा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया



**मुंबई :** लोकसभा उत्तर पूर्व जिला निर्वाचन क्षेत्र महायुति भाजपा और शिवसेना(शिंदे)आर.पी. आई.(आठवले)राकापा(अजित) के उम्मीदवार मिहिर कोटेजा ने विक्रोली(पूर्व)टैगोर नगर बी.एम. सी.इमारत में चुनाव अधिकारी को अपना पर्चा दाखिल किया।

इस मौके पर केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री व रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(आठवले) के संस्थापक/अध्यक्ष रामदास आठवले, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार सांसद मनोज कोटक, पूर्व सांसद किरीट सोमैया, पूर्व मंत्री अविनाश म्हातेकर, आर.पी. आई.महाराष्ट्र महासचिव गौतम सोनावणे,अजित रणदीवे, सुनील मोरे, दादासाहेब झेंडे, हेमंत रणपिसे, विनोद जाधव के अलावा महायुति के कई नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**फोटो : देवेंद्र रणपिसे**



**जामनेर मे चंदेले परिवार के विवाह समारोह मे डॉ. मनोजजी माने,बुरहानपुर, मोहनलाल जी चांगल, रमेश जी बनबेरू, अशोक पवार, संजयजी साकला,,साकला बंधुशेंदुर्णी आदी मान्यवर.**

# मनपा टैक्स नहीं भरने वालों की प्रॉपर्टी को नीलाम करने के लिए आगे बढ़ा रही कदम ...

**मुंबई :** प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालों के खिलाफ मनपा सख्त कदम उठा रही है। मनपा टैक्स नहीं भरने वालों की प्रॉपर्टी को नीलाम करने के लिए कदम आगे बढ़ रही है। जब्त प्रॉपर्टी को नीलाम करने के लिए मनपा प्रॉपर्टी का कीमत तय करने के लिए वेलुअर, ऑक्शन और प्रॉपर्टी की खोज के लिए एजेंसी नियुक्त करेगी। इन एजेंसियों की नियुक्ति के लिए मनपा जल्द की टेंडर जारी करने वाली है। इससे वर्षों से जब्त प्रॉपर्टी को नीलाम किया जा सकेगा। मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब्त प्रॉपर्टी की नीलामी एक जटिल




प्रक्रिया है। मनपा अधिकारियों के पास नीलामी का अनुभव नहीं है। साथ ही प्रक्रिया पूरी करने के लिए जरूरी मशीनरी नहीं है। इसलिए अलग-अलग एजेंसियों को यह काम सौंपा जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया का काम अंतिम चरण में है।

मनपा 2005 के बाद से अब तक बकाएदारों की जब्त प्रॉपर्टी को नीलाम नहीं कर सकी है। प्रॉपर्टी टैक्स न जमा करने वालों की कुल 5000 से अधिक प्रॉपर्टी जब्त की है। जिसमें से 3945 की पहले चरण में नीलामी करने की योजना है।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com

CMYK